पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123
www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 | अंक : 316 | हल्द्वानी | शनिवार, 20 जून 2026 | मूल्य 1.00 रुपये | पृष्ठ: 8

## एक नजर

### हरिद्वार भूमि घोटालाः 2022 में लिखी गई थी पटकथा, 54 करोड़ की खरीद में बड़ा खेल



**देहरादून/हरिद्वार।** हरिद्वार नगर निगम की भूमि खरीद में सामने आया 54 करोड़ रुपये का घोटाला उत्तराखंड के प्रशासनिक इतिहास के सबसे चर्चित मामलों में शामिल हो गया है। विजिलेंस जांच में कई स्तरों पर अनियमितताओं की पुष्टि होने के बाद सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों समेत कई अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। जांच के अनुसार, सराय गांव में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना के लिए खरीदी गई 2.307 हेक्टेयर भूमि की खरीद की पृष्ठभूमि वर्ष 2022 में ही तैयार हो गई थी। सितंबर 2024 में नगर निगम ने भूमि खरीद प्रक्रिया शुरू की और अक्टूबर-नवंबर 2024 में करीब 54 करोड़ रुपये में सौदा कर रजिस्ट्री करा ली। बाद में शिकायतें सामने आईं कि डंपिंग यार्ड के समीप स्थित यह भूमि परियोजना के लिए उपयुक्त नहीं थी और इसकी वास्तविक कीमत भी निर्धारित मूल्य से काफी कम थी। दिसंबर 2024 से लगातार मिली शिकायतों के बाद शासन स्तर पर जांच शुरू हुई। 29 मई 2025 को सौंपी गई प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में नियमों के उल्लंघन और मूल्यांकन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई। इसके बाद 3 जून 2025 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दो आईएएस अधिकारियों सहित 10 अधिकारियों को निलंबित कर विजिलेंस जांच के आदेश दिए तथा भूमि की रजिस्ट्री निरस्त कर भुगतान की वसूली की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। करीब एक वर्ष चली विजिलेंस जांच में बैंक रिकॉर्ड, फाइल नोटिंग, मूल्यांकन रिपोर्ट और अनुमोदन प्रक्रिया की पड़ताल की गई। 19 जून 2026 को रिपोर्ट आने के बाद तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी के खिलाफ सेवा से बर्खास्तगी की संस्तुति की गई, जबकि तत्कालीन जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह के विरुद्ध मेजर पेनाल्टी की सिफारिश की गई है। जांच में डंपिंग यार्ड के पास स्थित अनुपयुक्त भूमि की खरीद, बाजार मूल्य से कई गुना अधिक कीमत पर सौदा, भूमि उपयोग परिवर्तन और मूल्यांकन प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं तथा सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये के नुकसान जैसे आरोप सामने आए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मामले में आगे एफआईआर तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

# प्रदेश में 4,400 श्रमिकों के खातों में पहुंचे 11 करोड़

### मुख्यमंत्री धामी ने डीबीटी के जरिए एक क्लिक में जारी की सहायता राशि, योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के दिए निर्देश




**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 4,400 से अधिक श्रमिकों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से लगभग 11 करोड़ रुपये की सहायता राशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने एक क्लिक के जरिए लाभार्थियों के खातों में यह राशि भेजी।

इस दौरान विवाह सहायता, मृत्यु अनुदान, मातृत्व लाभ और शिक्षा सहायता जैसी योजनाओं के अंतर्गत पात्र श्रमिकों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के कल्याण और उनके परिवारों की सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिक कल्याण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और विभिन्न क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

उन्होंने कहा कि श्रमिकों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था उनके कार्यस्थलों के निकट ही की जानी चाहिए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने श्रमिकों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, उनके आश्रित बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने तथा जीवनोपयोगी सामग्री के वितरण के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने सभी योजनाओं के संचालन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने और सूचना प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक और पात्र श्रमिकों तक ही पहुंचे, इसके लिए प्रभावी निगरानी व्यवस्था विकसित की जाए। उन्होंने कहा कि श्रमिक राज्य की विकास यात्रा के महत्वपूर्ण भागीदार हैं और उनके हितों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

### एक वर्ष में 93 करोड़ से अधिक की सहायता

उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पिछले एक वर्ष में 24,323 श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत कुल 93 करोड़ 6 लाख रुपये की अनुदान राशि वितरित की जा चुकी है। सरकार का दावा है कि श्रमिकों के कल्याण से जुड़ी योजनाओं का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक श्रमिक परिवारों को इसका लाभ मिल सके।

# नानकमत्ता में हिस्ट्रीशीटर तारा सिंह के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, 50 लाख की सरकारी भूमि कराई मुक्त

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**








**नानकमत्ता।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ऊधमसिंहनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर एवं गैंगस्टर तारा सिंह के अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। सिंचाई विभाग, तहसील प्रशासन, पुलिस, पीएसी और फायर सर्विस की संयुक्त टीम ने शनिवार को नानकसागर बांध क्षेत्र में बुलडोजर चलाकर करीब दो एकड़ सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। पुलिस के अनुसार तारा सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह निवासी डैम बंधा गिधौर और उसके परिजनों ने नानकसागर डैम स्थित सिंचाई विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर रखा था। जांच में यह भी सामने आया कि उक्त स्थान का उपयोग अवैध स्मैक, हेरोइन और अन्य मादक पदार्थों के कारोबार से जुड़ी गतिविधियों के लिए किया जाता था। नियमानुसार नोटिस और प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद उपजिलाधिकारी खटीमा के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अवैध रूप से निर्मित पक्के मकान के साथ एक अवैध धार्मिक संरचना (मजार) को भी हटाया गया। प्रशासन के अनुसार मुक्त कराई गई भूमि का बाजार मूल्य 50 लाख रुपये से अधिक है। पुलिस ने बताया कि तारा सिंह पर डकैती, लूट, अपहरण, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित 27 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह वर्तमान में जेल में निरुद्ध है। उसके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ भी एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि अपराध और नशे के कारोबार से अर्जित अवैध संपत्तियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा ऐसे तत्वों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# बंजी जंपिंग के लिए बनेगी सख्त नियमावली, एक माह में लागू होंगे नए सुरक्षा मानक



**देहरादून।** उत्तराखंड के देवप्रयाग, तपोवन और ऋषिकेश एडवेंचर पर्यटन, विशेषकर बंजी जंपिंग के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं, लेकिन हाल के दिनों में सामने आई कुछ दुखद घटनाओं ने पर्यटकों की सुरक्षा और ऑपरेटरों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसे देखते हुए शासन ने बंजी जंपिंग के लिए नई और सख्त नियमावली लागू करने की तैयारी कर ली है। प्रस्तावित नियमावली अगले एक माह के भीतर लागू हो सकती है।

पर्यटन सचिव धीरज गर्बयाल ने बताया कि उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड (यूटीडीबी) ने बंजी जंपिंग के लिए नई गाइडलाइन और नियमावली तैयार करने का काम शुरू कर दिया है। इसका उद्देश्य एडवेंचर गतिविधियों को सख्त कानूनी और सुरक्षा मानकों के दायरे में लाकर पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नई नियमावली के तहत हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोग से पीड़ित लोगों को बंजी जंपिंग से दूर रहने की सलाह दी जाएगी। वहीं, 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट अनिवार्य किया जाएगा। फिटनेस प्रमाणपत्र के बिना किसी को भी जंपिंग की अनुमति नहीं मिलेगी। सुरक्षा मानकों को और मजबूत बनाने के लिए जंपिंग संचालित करने वाली कंपनियों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों वाली प्राकृतिक रबर की बंजी कॉर्ड का इस्तेमाल करना और तय अवधि के बाद उसे बदलना अनिवार्य होगा। इसके अलावा प्रतिभागियों को पैरों के साथ पूरे शरीर पर डबल हार्नेस उपलब्ध कराना तथा जंप से पहले कम से कम दो से तीन प्रशिक्षकों द्वारा ट्रिपल-चेक प्रक्रिया अपनाना भी जरूरी होगा। दरअसल, पिछले वर्ष 12 नवंबर को ऋषिकेश के शिवपुरी स्थित थ्रिल फैक्ट्री एडवेंचर पार्क में बंजी जंपिंग के दौरान सुरक्षा रस्सी टूटने से गुरुग्राम का 24 वर्षीय युवक नीचे टिन की छत पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं गत 15 जून को बंजी जंपिंग के कुछ देर बाद एक युवक की तबीयत बिगड़ने से अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। हालांकि पोस्टमार्टम नहीं होने के कारण मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी।

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, बंजी जंपिंग के दौरान शरीर में एड्रेनालिन हार्मोन का स्तर तेजी से बढ़ता है और गुरुत्वाकर्षण के विपरीत पड़ने वाला तीव्र दबाव हृदय तथा अन्य आंतरिक अंगों पर अप्रत्याशित प्रभाव डाल सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए नई नियमावली में स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों को विशेष महत्व दिया गया है।

पर्यटन सचिव ने बताया कि नियमावली तैयार करने के दौरान सभी संबंधित पक्षों के साथ-साथ देश और विदेश के विशेषज्ञों से भी सुझाव लिए गए हैं, ताकि एडवेंचर पर्यटन को एक मजबूत कानूनी और सुरक्षा नियामक ढांचे के अंतर्गत लाया जा सके।

# सम्पादकीय

## मोदी युग : जनविश्वास से विकसित भारत की यात्रा

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में कुछ नेतृत्व केवल सरकारें नहीं चलाते, बल्कि वे अपने समय की दिशा और दशा दोनों को प्रभावित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व भी इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। जून 2026 में उन्होंने स्वतंत्र भारत के इतिहास में लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का नया कीर्तिमान स्थापित किया। लोकतंत्र में यह उपलब्धि केवल सत्ता में बिताए गए दिनों का रिकॉर्ड नहीं होती, बल्कि वह जनता के विश्वास, राजनीतिक स्थिरता और नेतृत्व की स्वीकार्यता का भी प्रतीक बन जाती है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी नेता की वास्तविक पहचान उसके कार्यकाल की अवधि से नहीं, बल्कि उस अवधि में हुए परिवर्तनों से निर्धारित होती है। इस दृष्टि से देखा जाए तो पिछले बारह वर्षों में भारत की शासन व्यवस्था, विकास की प्राथमिकताओं और वैश्विक पहचान में व्यापक परिवर्तन देखने को मिले हैं। यह परिवर्तन केवल नीतियों का नहीं, बल्कि शासन के दृष्टिकोण का भी रहा है।

स्वतंत्रता के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत ने लोकतांत्रिक संस्थाओं, वैज्ञानिक सोच, सार्वजनिक उपक्रमों और आधुनिक राष्ट्र-निर्माण की मजबूत नींव रखी। किंतु समय के साथ यह चुनौती सामने आई कि विकास की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक किस प्रकार पहुंचे। दशकों तक योजनाओं और लाभार्थियों के बीच व्याप्त भ्रष्टाचार, बिचौलिया संस्कृति और प्रशासनिक जटिलताओं के कारण विकास का बड़ा हिस्सा अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाता था। वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सत्ता परिवर्तन के साथ शासन के केंद्र में तकनीक, पारदर्शिता और प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने की अवधारणा को प्रमुखता मिली। जनधन खाते, आधार और मोबाइल आधारित व्यवस्था ने लाभार्थी केंद्रित प्रशासन की नई संरचना तैयार की। मोदी सरकार की सबसे प्रमुख उपलब्धियों में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में दिखाई देने वाला परिवर्तन शामिल है। एक्सप्रेस-वे, रेलवे, मेट्रो नेटवर्क, हवाई अड्डों, बंदरगाहों और डिजिटल अवसंरचना के विस्तार ने देश की विकास गति को नई दिशा दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों के जीवन स्तर में परिवर्तन लाने का प्रयास किया है। ये योजनाएं केवल सरकारी उपलब्धियां नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के उपकरण भी हैं। डिजिटल इंडिया अभियान ने भारत को वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई है। आज भारतीय डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई दुनिया के अनेक देशों के लिए अध्ययन और अनुकरण का विषय बन चुकी है। डिजिटल तकनीक ने शासन, बैंकिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के स्वरूप को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र में इथेनॉल मिश्रण, प्राकृतिक खेती और कृषि अवसंरचना पर बढ़ते निवेश ने किसानों के लिए आय के नए अवसर उत्पन्न किए हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत की भूमिका पहले की अपेक्षा अधिक प्रभावशाली दिखाई देती है। जी-20 की अध्यक्षता से लेकर वैश्विक संकटों में संतुलित कूटनीतिक दृष्टिकोण तक, भारत ने स्वयं को केवल एक विकासशील राष्ट्र के रूप में नहीं, बल्कि विश्व व्यवस्था में एक जिम्मेदार और प्रभावशाली शक्ति के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया है। आत्मनिर्भर भारत का अभियान भी इसी व्यापक सोच का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि नवाचार, विनिर्माण और तकनीकी क्षमता के क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र के रूप में विकसित करना है।

निस्संदेह, किसी भी लंबे शासनकाल की तरह मोदी सरकार के निर्णयों और नीतियों पर प्रश्न भी उठे हैं और आलोचनाएं भी हुई हैं। लोकतंत्र की यही शक्ति है कि उसमें असहमति और विमर्श दोनों के लिए पर्याप्त स्थान होता है। किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि पिछले एक दशक में भारत की विकास गति, प्रशासनिक कार्यशैली और नागरिकों की अपेक्षाओं में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। आज नागरिक केवल घोषणाओं से संतुष्ट नहीं होता, बल्कि परिणामों और जवाबदेही की अपेक्षा करता है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प केवल आर्थिक प्रगति का लक्ष्य नहीं, बल्कि एक ऐसे राष्ट्र की परिकल्पना है जो आत्मनिर्भर, समावेशी, तकनीकी रूप से सक्षम और सांस्कृतिक रूप से आत्मविश्वासी हो। इस दिशा में किए गए आधारभूत परिवर्तन आने वाले दशकों में और अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का यह अवसर केवल एक राजनीतिक उपलब्धि के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह उस जनविश्वास का प्रतिबिंब है, जिसने लोकतंत्र में निरंतरता और स्थिरता को संभव बनाया है। अंततः किसी भी युग का मूल्यांकन इतिहास उसकी उपलब्धियों, चुनौतियों और समाज पर पड़े उसके स्थायी प्रभाव के आधार पर करता है। मोदी युग का भी वास्तविक आकलन आने वाली पीढ़ियां करेंगी, किंतु इतना निश्चित है कि इक्कीसवीं सदी के भारत के निर्माण की कहानी में यह कालखंड एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज होगा।

# भीषण गर्मी से राहत के लिए पर्यावरण मित्रों को बांटे ग्लूकोज पैकेट और कैप

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रूद्रपुर।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने वाले पर्यावरण मित्रों को राहत देने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से विशेष पहल की गई। महापौर विकास शर्मा ने नगर निगम परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण मित्रों को ग्लूकोज के पैकेट और धूप से बचाव के लिए कैप वितरित की। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि पर्यावरण मित्र नगर निगम परिवार का महत्वपूर्ण और अभिन्न हिस्सा हैं। शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में पर्यावरण मित्रों की भूमिका सबसे अहम है। मौसम कोई भी हो, पर्यावरण मित्र पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। ऐसे में उनकी सुविधाओं और स्वास्थ्य का ध्यान रखना नगर निगम की प्राथमिकता है। महापौर ने कहा कि वर्तमान समय में गर्मी अपने चरम पर है। तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच पर्यावरण मित्र सुबह से ही फील्ड में रहकर शहर की सफाई



व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए कार्य कर रहे हैं। ऐसे में शरीर में पानी और ऊर्जा की कमी न हो, इसके लिए ग्लूकोज उपलब्ध कराया गया है। साथ ही धूप से बचाव के लिए कैप भी वितरित की गई हैं। उन्होंने पर्यावरण मित्रों से अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ रखने के साथ-साथ वह अपने स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें। गर्मी के मौसम में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और सावधानी बरतते हुए कार्य करें। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को धरातल पर साकार करने में सबसे बड़ा योगदान पर्यावरण मित्रों का है। उनकी मेहनत और सेवा भावना के कारण ही शहर स्वच्छता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम पर्यावरण मित्रों के हितों और सम्मान के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। उनकी समस्याओं के समाधान, कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके कल्याण से जुड़े विषयों पर लगातार कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण मित्र केवल सफाई कर्मचारी नहीं, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण के सच्चे प्रहरी हैं।

इस अवसर पर नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डेय, राजू नबियाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पियूष रंजन, सीएमएम मनोज कर्नाटक, सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष सोनू मुल्तानी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं पर्यावरण मित्र मौजूद रहे।

# रन फार योगा व नशा मुक्ति जागरूकता रैली कार्यक्रम आयोजित

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रूद्रपुर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत मनोज सरकार स्टेडियम से रन फॉर योगा व नशामुक्त जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रन फॉर योगा दौड़ का दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन फॉर योगा में पुरूष वर्ग में हिमेश राजपूत प्रथम, केवल चमियाल द्वितीय, युवराज जोशी तृतीय, भरत कुमार चतुर्थ, गनेश सिंह पंचम व विजय सिंह छठवें स्थान पर रहें इसी तरह महिला वर्ग में गौरी मनोहेरिया प्रथम, आयुषी कश्यप द्वितीय, पल्वी मोहन्तो तृतीय, प्रीति चतुर्थ, आरती पंचम व सिद्धी छठवें स्थान पर रही। सभी विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित किये गये।श्री दत्ता ने कहा कि योग एक जीवन पद्धति है, प्रतिदिन योग को जीवन में अपनाने की अपील जनमानस से की। उन्होने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक समृद्ध शैली है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी



में रन फॉर योगा जैसी पहल युवाओं और नागरिको को निरोग काया की ओर प्रेरित करने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि योग से शारीरिक स्वस्थता के साथ ही मानसिक विकास भी होता है।

उन्होने जनता से अपील की कि सभी योग के साथ जुड़े, करें योग-रहे निरोग। रन फॉर योगा कार्यक्रम में 350 से अधिक युवा, बच्चे, खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया ।कार्यक्रम में जिला क्रीडा अधिकारी जनकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत, जिला मंत्री भाजपा प्रमोद मित्तल, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 निवेदिता जोशी, अपर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 दीपक सरकार, नोडल अधिकारी डॉ0 बीरेन्द्र सिंह रौतेला, डॉ0 महेश जोशी, डॉ0 भावना जोशी, डॉ0 सुरेन्द्र कुमार पपनेजा, डॉ0 धर्मेन्द्र सोनी, डॉ0 मंजू मिश्रा, डॉ0 मीना अधिकारी, डॉ0 ऋषि गुप्ता, राहुल पुरोहित, दीपक पंवार, अशरूफ अहमद, संजय कुमार, रमेश जोशी, दिनेश कुमार, योग अनुदेशक राम किशोर, रंजीत कुमार, पुष्पा रूबाली, सुरेश चन्द्र कुडाई, सूरज प्रताप, अनिल चैधरी, लक्ष्मी देवी, तरूण सिंह बगड़वाल, विजय शंकर खिलाड़ी, विभिन्न विभागीय अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# महिला पर फायरिंग का फरार आरोपी गिरफ्तार

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** महिला पर पत्नी के रूप में साथ रहने का दबाव बनाकर फायरिंग करने और हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा और खोखा कारतूस भी बरामद किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' अभियान के तहत पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अजय रस्तोगी पुत्र महेंद्र रस्तोगी निवासी शांति विहार, सिंह कॉलोनी, रुद्रपुर है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी एक महिला पर पत्नी के रूप में अपने साथ रहने का दबाव बना रहा था। महिला द्वारा प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद वह उससे रंजिश रखने लगा और लगातार धमकियां देने लगा। 12 जून को महिला अपनी मां के साथ बाजार से घर लौट रही थी। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा, उन्हें रोककर अभद्रता की और तमंचे से फायर कर दिया।




गोली महिला के सीने को छूते हुए निकल गई, जिससे उसकी जान बच गई।

मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर कोतवाली सितारगंज में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार था। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शक्तिफार्म क्षेत्र स्थित सूखी नदी पुल के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, उपनिरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी, हेड कांस्टेबल हरीश चंद्र, कांस्टेबल प्रेम कनवाल और कांस्टेबल भूपाल सिंह शामिल रहे।

# नगर निगम के तल्ली बमौरी वार्ड पार्षद का निर्वाचन

**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत जोशी की अदालत ने हल्द्वानी नगर निगम के तल्ली बमौरी वार्ड से निर्वाचित पार्षद राजेंद्र सिंह जीना का निर्वाचन निरस्त कर सीट को रिक्त घोषित कर दिया है। अदालत ने नामांकन पत्र के साथ लंबित आपराधिक मुकदमों की जानकारी छिपाने को भ्रष्ट आचरण मानते हुए यह फैसला सुनाया। अदालत ने राज्य निर्वाचन आयोग और जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि तीन माह के भीतर संबंधित वार्ड में पुनः चुनाव कराया जाए। साथ ही स्पष्ट किया है कि राजेंद्र सिंह जीना आगामी उपचुनाव में प्रत्याशी के रूप में चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।




निर्णय के अनुसार, नामांकन के दौरान प्रत्याशी द्वारा आपराधिक मामलों का पूर्ण विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अदालत ने माना कि आवश्यक जानकारी का खुलासा न करना निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता के विपरीत है और इसे भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में रखा जाएगा। अदालत के आदेश के बाद तल्ली बमौरी वार्ड की सीट रिक्त हो गई है और अब राज्य निर्वाचन आयोग को निर्धारित अवधि के भीतर उपचुनाव की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।


**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

**E-mail. editordailyparvatprerna@gmail.com**

# कर्णप्रयाग हिंसक घटना और बदहाल सड़कों को लेकर यूकेडी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का किया घेराव

**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**मोहनखाल/चमोली।** कर्णप्रयाग में सिख यात्रियों और स्थानीय लोगों के बीच हुई हिंसक घटना तथा पोखरी क्षेत्र की बदहाल सड़कों के मुद्दे को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के कार्यकर्ताओं ने मोहनखाल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद भट्ट का घेराव कर जवाब मांगा।



यूकेडी नेता बीरू सजवाण के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कर्णप्रयाग की घटना और क्षेत्र की सड़क समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बीरू सजवाण ने कहा कि कर्णप्रयाग में हुई घटना के दौरान स्थानीय लोगों पर हथियारों से हमला किया गया, जिस पर सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता सड़क, सुरक्षा और सम्मान की मांग कर रही है तथा इन मुद्दों पर सरकार की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

यूकेडी नेताओं के अनुसार प्रतिनिधिमंडल केवल पोखरी क्षेत्र की सड़क व्यवस्था और कर्णप्रयाग की घटना से संबंधित विषयों पर अपनी बात रखने गया था। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि बातचीत के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद भट्ट ने कहा कि पहले चुनाव लड़ो, जीतो और तब विकास करो। इस कथित बयान को लेकर कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई और इसे जनभावनाओं के विपरीत बताया।

प्रतिनिधिमंडल में यूकेडी के केंद्रीय महामंत्री सुबोध बिष्ट, जिला महामंत्री चमोली भारत सिंह कुंवर, जिला मीडिया प्रभारी राजेश्वरी बर्त्वाल, युवा अध्यक्ष पोखरी लक्ष्मण नेगी, धर्मेंद्र फरस्वाण, गिरीश नेगी, बबिता देवी, सपना देवी, दमयंती देवी समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

यूकेडी ने क्षेत्रीय समस्याओं के शीघ्र समाधान और कर्णप्रयाग हिंसक घटना से जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग की है।

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने किया वृक्षारोपण

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गाँधी का जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं द्वारा बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने केक काटकर एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है।



जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। कांग्रेस नेताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय जुनेजा ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा, पार्षद गौरव खुराना, पार्षद सौरव राज बेहड, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मोनिका ढाली, पार्षद रिजवान खान, विकास मल्लिक,अनंत विश्नोई, रनजीत राणा, राकेश अधिकारी,अमित अरोरा,सेवा राम दिवाकर, मोहन कुमार,पार्षद राजू कोली, विक्रम जीत विर्क,कमल चुघ, राकेश कोली, फैजल खान,कमल सैनी,रवि कुमार, सुहैल खान, राजकुमार सिकरी,विजय पुजारा, रोहित चौहान, सत्यम अरोरा, समप्रीत ग्रोवर आदि सहित अनेको कांग्रेस जन मौजूद थे।

# जनसेवा अभियान में युवाओं की सहभागिता महत्वपूर्ण : मित्तल

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट के नेतृत्व में रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से निरंतर जनसेवा अभियान संचालित किया जा रहा है। सक्रिय राजनीति के साथ-साथ वे समाजहित, राष्ट्रहित एवं जनकल्याण के कार्यों में समर्पित भाव से जुटे हुए हैं। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा गतिविधियों के माध्यम से वे आमजन की सेवा कर रहे हैं। युवा वर्ग ने जन सेवा अभियान में अपनी सहभागिता दी।भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट ने कहा कि वे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व तथा भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रहित, जनहित और अंत्योदय की विचारधारा से प्रेरित होकर निरंतर जनसेवा के कार्य कर रहे हैं। उनका मानना है कि राजनीति का



वास्तविक उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा और विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही उनके जीवन का लक्ष्य और राजनीति का मूल उद्देश्य है। आमजन की समस्याओं का समाधान, जरूरतमंदों की सहायता तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वे आगे भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ जनसेवा के कार्य निरंतर करते रहेंगे।

जनसेवा अभियान में कुशल अग्रवाल, निखिल चंडोक, मनीष मित्तल, करण अरोरा, अशोक चौहान, कुलदीप चंद्र, आकाश बाल्मीकि, ऋषिपाल, अजय यादव, शैलेन्द्र सिंह, बंटी कुमार, हैप्पी मिस्त्री सहित अनेक कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर पंचायत के पर्यावरण मित्रों का धरना, 3 जुलाई से कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**कपकोट।** नगर पंचायत कपकोट के पर्यावरण मित्रों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आज सांकेतिक धरना-प्रदर्शन शुरू किया। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन के बैनर तले शाखा अध्यक्ष राजीव कुमार के नेतृत्व में नगर पंचायत कार्यालय परिसर में धरना दिया गया। धरने के दौरान पर्यावरण मित्रों ने सरकार पर उनकी मांगों की लगातार उपेक्षा करने और बार-बार आश्वासन देकर ठगे जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मिलने वाला 12 हजार रुपये का वेतन महंगाई के दौर में परिवार के भरण-पोषण के लिए पर्याप्त नहीं है।



प्रदर्शनकारियों ने ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने तथा वेतन और अन्य सुविधाओं में सुधार सहित अपनी प्रमुख मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 3 जुलाई से क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा और कार्य बहिष्कार किया जाएगा। ऐसी स्थिति में नगर के पर्यावरण मित्र किसी भी प्रकार का सफाई कार्य नहीं करेंगे। धरने के दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की और कहा कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में केदारी, सुरेश, राहुल, अर्जुन, अबिता, बबीता, विमला, मनदीप, संजीव, सचिन सहित अन्य पर्यावरण मित्र मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण के लिए 98.71 लाख स्वीकृत, जल्द शुरू होगा कार्य

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** नगर क्षेत्र में सड़क सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए शासन ने 1.6 किलोमीटर सड़क निर्माण एवं पुनर्निर्माण कार्य हेतु 98.71 लाख की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। यह कार्य मुख्य चौराहे से नहर पुलिया होते हुए श्मशान घाट तक तथा एनएच-125 से पुरानी मंडी मार्ग तक कराया जाएगा। अपर सचिव महावीर सिंह चौहान द्वारा जारी आदेश के अनुसार परियोजना राज्य योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। निर्माण कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है तथा प्रारंभिक तौर पर 10 हजार रुपये की टोकन धनराशि भी जारी की गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। सड़क निर्माण से बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और स्थानीय लोगों के साथ-साथ व्यापारियों को भी सुविधा मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने योजना की स्वीकृति पर खुशी जताते हुए शीघ्र कार्य शुरू कराने की मांग की है।

# सचिवालय में उच्चस्तरीय बैठक, प्राथमिक शिक्षक भर्ती पर शिक्षा मंत्री ने दिए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश

**देहरादून।** सचिवालय में विद्यालयी शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा मंत्री के साथ मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव न्याय, सचिव कार्मिक, सचिव वित्त तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को अधिक गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और छात्र हितैषी बनाने के साथ ही विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और लंबित मामलों के निस्तारण को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्राथमिक शिक्षक भर्ती का विषय भी प्रमुखता से उठा। शिक्षा मंत्री ने प्राथमिक शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी की जाएं, ताकि विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर किया जा सके। शिक्षा मंत्री के निर्देशों के बाद लंबे समय से प्राथमिक शिक्षक भर्ती की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों में नई उम्मीद जगी है। विभागीय स्तर पर भर्ती प्रक्रिया को गति देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की बात कही गई है।

# 25 जून से डीआईईटी चमोली (गौचर) में पांच दिवसीय समर कैंप

**गौचर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) चमोली, गौचर में 25 जून से पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में स्थानीय विद्यालयों के 8 से 15 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। समर कैंप के समन्वयक डॉ. कमलेश कुमार मिश्र ने बताया कि डीआईईटी चमोली के प्राचार्य आकाश सारस्वत की नवाचारी पहल के तहत वर्ष 2024 से ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन अवकाश के दौरान नियमित रूप से ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें कक्षा तीन से नौ तक के छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि कैंप में प्रार्थना, आनंदम और एरोबिक्स गतिविधियों के साथ-साथ इस बार हस्तलेखन सुधार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। हस्तलेखन प्रशिक्षण के लिए राजकीय जूनियर हाईस्कूल, करूली (बागेश्वर) के प्रभारी प्रधानाध्यापक नरेंद्र गिरी गोस्वामी मुख्य प्रशिक्षक के रूप में बच्चों को अक्षर निर्माण, शब्दों के बीच उचित दूरी, शब्दों की बुनावट तथा सुंदर लेखन की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण देंगे। डॉ. मिश्र ने बताया कि डीआईईटी में प्रशिक्षणरत डीएलएड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं के लिए भी विशेष हस्तलेखन कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें दोनों सेमेस्टर के कुल 62 प्रशिक्षु प्रतिभाग करेंगे। समर कैंप का आयोजन प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक तथा हस्तलेखन कार्यशाला प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित होगी। समर कैंप एवं कार्यशाला का समापन 29 जून को किया जाएगा।

# 22 जून को गंगोलीहाट करेगा बृहद प्रतिभा सम्मान



**गंगोलीहाट।** क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने और होनहार छात्रों का हौसला बढ़ाने के लिए आगामी 22 जून को एक भव्य विद्यार्थी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन होने जा रहा है। यूथ आर्मी गंगोलीहाट के संयोजन में होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह गरिमामयी समारोह स्थानीय पीएम श्री अटल उत्कृष्ट महाकाली इण्टर कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक और सामाजिक कार्यकर्ता विजय चंद्रा उर्फ पप्पू प्रधान ने बताया कि समारोह में गंगोलीहाट विकासखंड के उन सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। पूरे विकासखंड से ऐसे लगभग 200 मेधावी बच्चों को चिन्हित किया गया है। छात्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को भी मंच पर सम्मानित किया जाना है। विजय चंद्रा ने आगे जानकारी दी कि दूर-दराज से आने वाले छात्रों और मेहमानों की सुविधा को देखते हुए कार्यक्रम में आमंत्रित सभी विद्यार्थियों के लिए मध्यान्ह भोजन (लंच) की विशेष व्यवस्था भी की गई है। यूथ आर्मी और आयोजक टीम ने विकासखंड के सभी सम्मानित बुद्धिजीवियों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं से इस कार्यक्रम में पहुंचकर मेधावियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# एसआईआर अभियान में तेजी लाने को लेकर कार्यकर्ताओं से मिले गणेश जोशी



**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने राजपुर वार्ड में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की समीक्षा करते हुए बीएलए-2 कार्यकर्ताओं से सभी मतदाताओं के साथ समन्वय बनाकर अभियान में तेजी लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के लिए प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचना आवश्यक है। मंत्री ने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर पंजीकरण, संशोधन और सत्यापन कार्य में सहयोग करने तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के प्रति लोगों को जागरूक करने को कहा। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए। बैठक में राज्यमंत्री ज्योति कोटिया, अल्का कुल्हान, समीर पुंडीर, मोहित अग्रवाल और देवेन्द्र रावत सहित वार्ड के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री धामी के साथ योग करेगी चंपावत की जनता

## जनता में ऊर्जा का संचार, भव्य कार्यक्रम की साक्षी बनेगी जनता :जोशी

**चंपावत। पर्वत प्रेरणा ब्यूरो।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जनपद चंपावत के सीमांत क्षेत्र बनबसा स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कैप्टन करम चंद स्टेडियम में प्रातः 6 बजे भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग मुख्यमंत्री के साथ योग कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साक्षी बनेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उत्तराखंड राज्य नगरीय पर्यावरण संरक्षण परिषद की उपाध्यक्ष





एवं राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त) हेमा जोशी ने बताया कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बनबसा स्थित मिनी स्टेडियम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यक्रम में शामिल होने से युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों में योग के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। हेमा जोशी ने कहा कि योग दिवस का यह भव्य आयोजन जनमानस को योग अपनाने के लिए प्रेरित करेगा और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रतिदिन प्रातः योग और व्यायाम करते हैं, जिससे उन्हें प्रदेश के विकास कार्यों को गति देने की ऊर्जा और शक्ति प्राप्त होती है। उन्होंने सभी लोगों से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। राज्य मंत्री हेमा जोशी ने योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त करते हुए 22 हजार उपनल कर्मियों को सामान्य वेतनमान का लाभ दिए जाने के निर्णय की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी जो कहते हैं, उसे धरातल पर उतारकर अपने वादों को पूरा करते हैं।

# उत्तराखंड में मौसम का डबल अटैक, कई जिलों में बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट

**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलने जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से राज्य के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश, तेज हवाएं और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। पूर्वानुमान के अनुसार चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और नैनीताल जिलों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की भी संभावना है। इसके अलावा 4200 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी वर्षा के साथ हल्की बर्फबारी होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में बिजली चमकने के साथ 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। ऐसे में खुले स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। वहीं, मैदानी जिलों देहरादून, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में दिन के समय गर्मी और उमस लोगों को परेशान कर सकती है। हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की बारिश से राहत मिलने की संभावना भी बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार 25 जून तक प्रदेश में रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। आगामी दिनों में अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

# सौ करोड़ की पेयजल योजनाओं पर गहराया विवाद

**गंगोलीहाट। पर्वत प्रेरणा ब्यूरो ।** गंगोलीहाट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चल रही चार बहुकरोड़ पम्पिंग पेयजल योजनाओं की जमीनी हकीकत और कार्यों में अत्यधिक देरी को लेकर क्षेत्र में प्रशासनिक और कानूनी सरगर्मी बढ़ गई है। सामाजिक कार्यकर्ता डी एस सुगड़ा द्वारा बीते 12 मई 2026 को उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम सहित संबंधित उच्चाधिकारियों को भेजे गए क्क्द-क्क्रु (जनहित याचिका से पूर्व) लीगल नोटिस का 40 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा कोई अंतिम और बिंदुवार जवाब नहीं दिया गया है। इस कानूनी नोटिस के माध्यम से क्षेत्र की चार प्रमुख पेयजल योजनाओं—बेलपट्टी पम्पिंग योजना (रू44.56 करोड़), ग्वासीकोट पम्पिंग योजना (रू8.10 करोड़), पोखरी-भेरंग पम्पिंग योजना (रू19.84 करोड़) और वासुकीनाग पम्पिंग योजना (रू25.74 करोड़)—की वर्तमान कार्य प्रगति, गुणवत्ता परीक्षण, वित्तीय स्थिति और अधिकारियों की जवाबदेही पर स्पष्टीकरण मांगा गया था। हालांकि 21 मई 2026 को विभागीय स्तर पर मामले को आगे बढ़ाते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच और त्वरित कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन धरातल पर अब तक कोई तथ्यात्मक रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) से प्राप्त दस्तावेजों के हवाले से सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं में धन आवंटन में देरी और निर्माण कार्यों में पाई गई गंभीर कमियों के कारण संबंधित ठेकेदारों पर रू50 लाख से अधिक की पेनल्टी भी लगाई जा चुकी है। इसके बावजूद विभाग द्वारा इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे रखना और स्थिति स्पष्ट न करना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। पूर्व में विभाग ने आरटीआई के जवाब में लिखित आश्वासन दिया था कि अक्टूबर 2025 तक इन योजनाओं से जलापूर्ति सुचारू कर दी जाएगी, जबकि ग्वासीकोट पम्पिंग योजना के पूरे होने की अंतिम तिथि जुलाई 2024 तय थी। निर्धारित समयसीमा समाप्त होने के लंबे समय बाद भी योजनाएं पूर्ण रूप से संचालित नहीं हो सकी हैं। ऐसे में यह बड़ा सवाल उठ रहा है कि आखिर किन आधारों पर ठेकेदारों को बार-बार कार्य जारी रखने की छूट दी जा रही है और इस भारी लेटलतीफी के लिए विभाग में कौन उत्तरदायी है। अभिलेखों और धरातलीय स्थिति में साफ अंतर दिखने के बाद अब मामले को अदालत में ले जाने की तैयारी तेज हो गई है। सामाजिक कार्यकर्ता डी एस सुगड़ा का कहना है कि प्री-पीआई रुनोटिस भेजने का मुख्य उद्देश्य न्यायालय की शरण में जाने से पहले विभाग को अपनी स्थिति स्पष्ट करने का एक मौका देना था। यदि विभाग द्वारा जल्द ही इस विषय पर कोई आधिकारिक, तथ्यात्मक और संतोषजनक स्पष्टीकरण जारी नहीं किया जाता है, तो उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर माननीय उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की जाएगी।

# गर्जिला धाम हनुमान मंदिर के मुख्य सेवक संतोष बाबा ब्रह्मलीन, श्रद्धालुओं में शोक

**कोटमन्या ( पिथौरागढ़ )। पर्वत प्रेरणा ब्यूरो ,** गर्जिला धाम हनुमान मंदिर, नगीना गांव के मुख्य सेवक एवं बाबा नीम करौली महाराज के अनन्य भक्त संतोष बाबा के ब्रह्मलीन होने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन की खबर से गर्जिला धाम, कोटगाड़ी मां कोकिला देवी क्षेत्र सहित उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों के श्रद्धालु गमगीन हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाबा नीम करौली महाराज के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर कैंची धाम में दर्शन करने के बाद संतोष बाबा की तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद वह इस नश्वर संसार को त्यागकर प्रभु के चरणों में विलीन हो गए। श्रद्धालु इसे उनकी आजीवन



साधना और प्रभु श्रीहनुमान तथा नीम करौली महाराज के प्रति अटूट समर्पण का प्रतिफल मान रहे हैं। संतोष बाबा ने वर्षों तक गर्जिला धाम हनुमान मंदिर में निस्वार्थ भाव से सेवा की। उनकी सादगी, तपस्या और भक्तिभाव के कारण वे क्षेत्र में श्रद्धा और सम्मान के केंद्र बने हुए थे। मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं का कहना है कि उनका जीवन पूरी तरह प्रभु सेवा और लोककल्याण को समर्पित था। संतोष बाबा के ब्रह्मलीन होने पर क्षेत्र के श्रद्धालुओं और विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धालुओं ने भगवान बजरंगबली से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोक संतप्त भक्तों और क्षेत्रवासियों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। संतोष बाबा के निधन से गर्जिला धाम ने एक समर्पित सेवक और आध्यात्मिक पथ प्रदर्शक को खो दिया है, जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जनपद भ्रमण की तैयारियों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा



**अल्मोड़ा। पर्वत प्रेरणा ब्यूरो ।** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जनपद भ्रमण की तैयारियों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा गत दिवस जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने मुख्यमंत्री के आगामी 21 जून को प्रस्तावित जनपद भ्रमण की तैयारियों के दृष्टिगत दन्या स्थित राजकीय महाविद्यालय एवं रामलीला मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत, पार्किंग, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए तैयारियों को निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री के आगमन हेतु प्रस्तावित हेलीपैड स्थल के रूप में चिन्हित खेल मैदान का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा मानकों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर. घोड़के, मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा, उप जिलाधिकारी सौम्या गर्बयाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के उपशामक चिकित्सा कार्य को ई-हॉस्पिस लंदन में मिली पहचान

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग द्वारा संचालित दर्द एवं उपशामक चिकित्सा सेवाओं पर आधारित कार्य को विश्व की प्रतिष्ठित उपशामक चिकित्सा संस्था ई-हॉस्पिस, लंदन (यूके) में प्रकाशित किया गया है। इसे संस्थान, उत्तराखंड और विशेष रूप से कुमाऊं क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। ई-हॉस्पिस विश्व स्तर पर हॉस्पिस एवं उपशामक चिकित्सा के क्षेत्र का प्रमुख डिजिटल मंच है, जहां विभिन्न देशों में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और नवाचारों को स्थान दिया जाता है। प्रकाशित रिपोर्ट में पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों में दर्द एवं उपशामक चिकित्सा सेवाओं के विस्तार, समर्पित ओपीडी एवं वार्ड की स्थापना, गृह आधारित सेवाओं तथा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया है। इस उपलब्धि पर संस्थान के प्राचार्य प्रो. सी.पी. भैसोड़ा ने एनेस्थीसियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. उर्मिला पलारिया, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आदित्य कुमार चौहान और पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर संस्थान के कार्य को स्थान मिलना शिक्षा, शोध और रोगी सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह उपलब्धि संस्थान के चिकित्सकों और संकाय सदस्यों को और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी तथा भविष्य में भी संस्थान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखेगा।

# खत्याड़ी के पंचायत घर में पीएम स्वनिधि शिविर आयोजित

**अल्मोड़ा ।** आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं शहरी विकास निदेशालय देहरादून के निर्देश के क्रम में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत नगर निगम द्वारा नगर के खत्याड़ी पंचायत भवन पीएम स्वनिधि शिविर का आयोजन किया गया है नगर निगम के सहायक आयुक्त लक्ष्मण सिंह भंडारी ने बताया कि खत्याड़ी ग्राम क्षेत्र को सेंसस टाउन के अंतर्गत चयनित किया गया है उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्र से लगे ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र फेरी व्यवसायी इस योजना से लाभान्वित हो सके इसलिए खत्याड़ी पंचायत घर में आयोजित पीएम स्वनिधि शिविर में फेरी व्यवसायों को इस योजना के बारे में विशेष जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन अपना आवेदन पत्र वेबसाइट से ऑनलाइन भर सकते हैं अथवा संबंधित विकासखंड के खंड विकास अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं उन्होंने बताया कि शिविर में ग्राम विकास विभाग हवल बाग के कनिष्ठ सहायक गुड्डू कुमार खत्याड़ी के ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह नगर निगम के डाटा एंट्री ऑपरेशन दीपा जोशी गीता भट्ट सहित क्षेत्र के कई व्यवसाय मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने डीएम और एसएसपी को किया सम्मानित

**अल्मोड़ा। पर्वत प्रेरणा ब्यूरो ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने अपने अल्मोड़ा प्रवास के दौरान जिलाधिकारी अंशुल सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर. घोड़के को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि जिलाधिकारी अंशुल सिंह के नेतृत्व में जनपद में विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन की कार्यशैली, जनहितकारी पहलों तथा विकास कार्यों की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू किया जा रहा है। राज्यपाल ने नशा मुक्ति केंद्र के संचालन की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज को नशे की प्रवृत्ति से मुक्त करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर उन्होंने लोक भवन की ओर से नशा मुक्ति केंद्र के लिए दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर. घोड़के के नेतृत्व में जनपद में संचालित जनहितकारी पुलिसिंग और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के प्रयासों की भी राज्यपाल ने प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्य कर रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

# जीबीपीआईईटी के 27 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन

### टेक्नोस्ट्रक्ट, ग्रो-अप ऑटो और सीआईएनटी में मिली नौकरी, संस्थान में खुशी का माहौल

**पौड़ी गढ़वाल।** गोविंद बल्लभ पंत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (जीबीपीआईईटी), घुड़दौड़ी के विद्यार्थियों ने कैंपस प्लेसमेंट में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में आयोजित चयन प्रक्रियाओं में संस्थान के 27 विद्यार्थियों का चयन टेक्नोस्ट्रक्ट, ग्रो-अप ऑटो, पुणे तथा सीआईएनटी, गाजियाबाद जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता से संस्थान में उत्साह का माहौल है। टेक्नोस्ट्रक्ट में कुल 16 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को चार लाख रुपये वार्षिक पैकेज प्रदान किया जाएगा। वहीं ग्रो-अप ऑटो, पुणे में छह विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिन्हें 21 हजार से 24 हजार रुपये प्रतिमाह टेक-होम वेतन मिलेगा। इसके अलावा सीआईएनटी, गाजियाबाद में पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जहां उन्हें 3.25 लाख रुपये से पांच लाख रुपये तक वार्षिक पैकेज मिलेगा। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) वी.के. बंगा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा संस्थान में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि जीबीपीआईईटी उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल एवं रोजगारोन्मुख इंजीनियर तैयार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ. के.एस. भाटिया ने बताया कि संस्थान में नियमित रूप से प्री-प्लेसमेंट प्रशिक्षण, सॉफ्ट स्किल विकास कार्यक्रम, तकनीकी प्रशिक्षण, मॉक इंटरव्यू एवं समूह चर्चा जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उद्योगों के साथ बढ़ती सहभागिता का लाभ विद्यार्थियों को सीधे प्लेसमेंट के रूप में मिल रहा है। उन्होंने बताया कि अंतिम वर्ष के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन प्रक्रियाएं जारी हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) के.के.एस. मेर, सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. बी.एस. खाती, विद्युत अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष डॉ. संजय गैरोला तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. एम.के. अग्रवाल सहित विभागीय प्लेसमेंट समन्वयकों ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि चयनित विद्यार्थी अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान एवं उत्तराखंड का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# नीट परीक्षा को लेकर उत्तरकाशी पुलिस-प्रशासन सतर्क

### एस पी उत्तरकाशी द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ परीक्षा केंद्र का संयुक्त निरीक्षण कर सुरक्षा/परीक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**उत्तरकाशी (पर्वत प्रेरणा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से उत्तरकाशी पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ परीक्षा केंद्र पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय मनेरा, उत्तरकाशी का संयुक्त निरीक्षण कर सुरक्षा एवं परीक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्गों, परीक्षा कक्ष, सीटिंग अरेंजमेंट सहित आसपास के क्षेत्रों का भौतिक सत्यापन कर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की गई। पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा सुरक्षा संबंधी चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

परीक्षा की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए उनके द्वारा पुलिस बल, अभिसूचना इकाई एवं एसओजी को सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त होटल, ढाबों, धर्मशालाओं एवं होमस्टे की नियमित चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन तथा परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि पर कड़ी नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया। अभ्यर्थियों की परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व सघन चेकिंग, फ्रिस्किंग एवं हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों के माध्यम से जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा अनुचित साधन परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश न कर सके। परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न करवाने हेतु पुलिस एवं प्रशासन की सभी इकाइयों को समन्वित रूप से कार्य करने तथा प्रत्येक गतिविधि पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सुश्री मुक्ता मिश्रा, एसडीएम भटवाड़ी सुश्री शॉलिनी नेगी, पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी जनक सिंह पंवार, मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दिनेश कुमार, निरीक्षक अभिसूचना विकास नौटियाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद की अध्यक्षता में 'दिशा' समिति की बैठक

### गैरहाजिर अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण, तबादले के निर्देश



**उत्तरकाशी (पर्वत प्रेरणा ब्यूरो)।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला सभागार में टिहरी गढ़वाल की सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। पीएमजीएसवाई और ब्रिडकुल के अधिशासी अभियंताओं की अनुपस्थिति पर सांसद ने गहरी नाराजगी जताते हुए दोनों अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने तथा उनके तबादले के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और पोस्टमार्टम सुविधा की मांग स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने नौगांव, बड़कोट और पुरोला में चिकित्सकों एवं सफाई कर्मियों की तैनाती की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों के पोस्टमार्टम की सुविधा सीएचसी चिन्यालीसौड़ और पुरोला में भी उपलब्ध कराने की मांग उठाई, ताकि परिजनों और तीमारदारों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस पर सांसद ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। दूरसंचार सेवाओं की समीक्षा के दौरान सांसद ने दूरस्थ और सीमांत क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कई मोबाइल टावर स्थापित होने के बावजूद नेटवर्क उपलब्ध नहीं है, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने दूरसंचार विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बंद अथवा प्रभावित टावरों को शीघ्र चालू कर नेटवर्क व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद ने जंगली जानवरों से फसलों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए समन्वित प्रयासों के साथ खेतों की घेरबाड़ कराने के निर्देश दिए। उद्यान विभाग की समीक्षा में जिले में बागवानी को बढ़ावा देने और काश्तकारों को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया गया। सांसद ने विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के धरातलीय क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, डिजिटल भारत भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, एकीकृत विद्युत विकास योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रर्बन मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, मिड-डे मील योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक समयबद्ध ढंग से पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि आम जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से मिल सके।

## चारधाम में रील, ब्लॉग और फिल्म शूटिंग के लिए अब लेनी होगी अनुमति

**उत्तरकाशी (पर्वत प्रेरणा ब्यूरो)।** चारधाम यात्रा की गरिमा, सुरक्षा और शुचिता बनाए रखने के उद्देश्य से शासन ने सोशल मीडिया कंटेंट निर्माण को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब चारों धामों में फिल्म, ब्लॉग, व्लॉग और रील बनाने के इच्छुक कंटेंट क्रिएटर्स को उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के माध्यम से आवेदन करने के साथ ही संबंधित जिलाधिकारी से अनुमति प्राप्त करनी होगी। इस संबंध में उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद ने ऑनलाइन आवेदन के लिए आधिकारिक वेबसाइट http://ufdc.uk.gov.in विकसित की है। वेबसाइट के माध्यम से कंटेंट क्रिएटर्स आसानी से आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के दौरान नाम, आधार कार्ड, सोशल मीडिया लिंक, प्रस्तावित कंटेंट का विवरण तथा शूटिंग की अवधि का स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य होगा। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद द्वारा किया जाएगा। इसके बाद अंतिम स्वीकृति के लिए आवेदन संबंधित जिलाधिकारी को भेजा जाएगा। जिलाधिकारी स्तर से अनुमति मिलने के बाद ही सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स को शूटिंग की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा, शूटिंग के दौरान संबंधित मंदिर समिति को जिलाधिकारी द्वारा जारी अनुमति पत्र दिखाना भी अनिवार्य होगा। शासन का उद्देश्य चारधाम यात्रा के दौरान धार्मिक स्थलों की मर्यादा बनाए रखने के साथ ही अनियंत्रित और अनुचित कंटेंट निर्माण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है।

## उप तहसील धौंतरी में आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण आयोजित



**उत्तरकाशी (मोहन सिंह राणा)।** जिलाधिकारी के निर्देशों एवं मार्गदर्शन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, उत्तरकाशी तथा 15वीं वाहिनी एनडीआरएफ, मनेरा के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय आपदा संबंधी जन-जागरूकता प्रशिक्षण (कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम-सीएपी) संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में उप तहसील धौंतरी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में निरीक्षक, एनडीआरएफ टीम मनेरा एवं आपदा प्रबंधन के मास्टर ट्रेनर के नेतृत्व में 16 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जन-जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं की जानकारी, खोज एवं बचाव उपकरणों के उपयोग, प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर, रक्तस्राव नियंत्रण, सैटेलाइट फोन संचालन, स्ट्रेचर निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। नायब तहसीलदार शिव प्रसाद बिजल्वाण के सहयोग से आयोजित यह सीएपी प्रशिक्षण कार्यक्रम उप तहसील परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## खालसी मोटर मार्ग पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त एक की मौत



**उत्तरकाशी (पर्वत प्रेरणा ब्यूरो)।** विकासखंड चिन्यालीसौड़ के खालसी मार्ग पर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही चौकी चिन्यालीसौड़ से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 5:30 बजे वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ। वाहन सड़क से लगभग 200 मीटर नीचे खाई में गिर गया तथा मृतक का शव करीब 150 मीटर नीचे मिला। वाहन में दो व्यक्ति सवार थे, जिनमें से एक की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए चिन्यालीसौड़ अस्पताल भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों की मदद से मृतक के शव को खाई से निकालकर अग्रिम कार्रवाई हेतु मोर्चरी चिन्यालीसौड़ भेज दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन संख्या- DLvy CG 3050 (टाटा अल्ट्रोज), रंग नीला। मृतक सूरज पुत्र स्वर्गीय श्याम सिंह, निवासी खालसी, उम्र 24 वर्ष, जबकि घायल सुमन पवार पुत्र चंद्र सिंह, निवासी न्यू खालसी का ईलाज किया जा रहा है।

## बाहरी राज्यों के श्रमिकों की मनमानी मजदूरी और निर्माण कार्यों में अनियमितता पर कार्रवाई की मांग



**उत्तरकाशी (पर्वत प्रेरणा ब्यूरो)।** जनपद में बाहरी राज्यों से आए श्रमिकों और मिस्त्रियों द्वारा मनमाने ढंग से मजदूरी बढ़ाने तथा अकुशल श्रमिकों के कारण निर्माण कार्यों में हो रही अनियमितताओं के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तरकाशी में सरकारी सेवा के अतिरिक्त आय के सीमित साधन हैं और अधिकांश भवन निर्माण कार्य बाहरी राज्यों से आए मजदूरों और मिस्त्रियों द्वारा किए जाते हैं। आरोप लगाया गया कि मजदूरी दरों में लगातार मनमानी वृद्धि के कारण गरीब और बेरोजगार लोगों के लिए मकान अथवा अन्य निर्माण कार्य कराना कठिन होता जा रहा है। कई श्रमिक बिना पर्याप्त अनुभव के भवन निर्माण, टाइल लगाने और रंग-रोगन का कार्य कर रहे हैं, जिससे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कुछ मामलों में श्रमिक निर्माण स्वामियों से अग्रिम धनराशि लेकर फरार हो गए, जबकि कुछ पर निर्माण सामग्री चोरी करने के आरोप भी लगे हैं। ऐसे में श्रमिकों के कार्य कौशल के आधार पर मजदूरी निर्धारित करने तथा उनके सत्यापन की आवश्यकता बताई गई। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मांग की कि जनपद में कार्यरत सभी श्रमिकों का परिचय पत्र बनाया जाए तथा उनके कार्य का विवरण दर्ज किया जाए, जिससे उनकी पहचान और कार्यक्षमता का रिकॉर्ड उपलब्ध रह सके। ज्ञापन पर विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अजय बड़ोला, जिला संयोजक सत्येंद्र परमार, जिला सह मंत्री उम्मेद सिंह चौहान, मान सिंह गुसाईं, व्यापार मंडल जोशियाड़ा के अध्यक्ष उत्तम सिंह गुसाईं, गायत्री परिवार के डॉ. मुरली मनोहर भट्ट, सोनी पंवार, राजपाल पंवार, धर्मेंद्र पंवार, सुभाष बड़ोनी, आलोक सेमवाल, अभिषेक नेगी, सुसीश शर्मा, पवन रावत, कुलवीर सिंह राणा, महिपाल पंवार सहित अन्य लोगों के हस्ताक्षर हैं।

# सैन्य अधिकारी बने युवाओं को किया सम्मानित

## नगर निगम ने आयोजित किया पिथौरागढ़ गौरव सम्मान समारोह



**पिथौरागढ़।** मेयर कल्पना देवलाल व पार्षद गणों की उपस्थिति में विगत दिनों आईएमए देहरादून की पासिंग आउट परेड में सैन्य अधिकारी के रूप में चयनित पिथौरागढ़ के होनहार युवाओं को पिथौरागढ़ गौरव सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लिन्ठ्यूड़ा निवासी सेवानिवृत्त हवलदार जगदीश लुंठी के सुपुत्र आकाश लुंठी, शिक्षक भूपेंद्र सिंह धामी के सुपुत्र सचिन सिंह धामी, जाजरदेवल निवासी नवीन जोशी के सुपुत्र कुणाल जोशी, पंडा निवासी भूपाल सिंह सामन्त के सुपुत्र रोहित सामन्त, पोल्ट्री फॉर्म व्यवसायी मनोज सिंह सौन के सुपुत्र भूपेंद्र सिंह सौन, वड्डा निवासी पुष्कर सिंह बिष्ट के सुपुत्र दीपक सिंह बिष्ट, धनौड़ा निवासी राम चंद्र सिंह के सुपुत्र दिव्यांशु सिंह को सैन्य अधिकारी बनकर पिथौरागढ़ का मान बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान चयनित सैन्य अधिकारियों ने स्थानीय युवाओं व विद्यार्थियों के साथ संवाद करके अपने शैक्षणिक अनुभव साझा किए, उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए उपयोगी टिप्स दिए और उन्हें प्रेरित किया।

मेयर कल्पना देवलाल ने कहा कि पिथौरागढ़ हमेशा से सैन्य अधिकारियों और सैनिकों की भूमि के रूप में जाना जाता रहा है। इन होनहार युवाओं की उपलब्धियां दर्शाती हैं कि सीमांत क्षेत्र के युवा सेना के सर्वोच्च पदों में चयनित होकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। इन युवाओं की सफलता से अन्य विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में डीडी न्यूज के स्टेट हेड और पीआईबी के हेड संजीव सुन्दरियाल, वरिष्ठ समाज सेवी राकेश देवलाल, केदार सेठी, पार्षद दिनेश कापड़ी, पुष्पा उप्रेती, प्रवीण उपराri, भूपेंद्र कठायत, मोहित चौसाली, मयूर नागी, भूपाल सौन, राम चंद्र सिंह, भूपाल सिंह सामन्त आदि उपस्थित थे।

# राहुल के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने काटा केक



पर्वत प्रेरणा ब्यूरो

**पिथौरागढ़।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता राहुल गांधी का कांग्रेसियों ने धूमधाम से केक काटकर जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में पूर्व दर्जा मंत्री और वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी महेंद्र सिंह लुन्ठी ने कहा कि आज देश के करोड़ों लोगों की आवाज, जननायक और हम सबके प्रिय ऐसे व्यक्ति का जन्म दिन है जिसके परिवार ने इस देश के लिए बलिदान दिया है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हम ऐसी पार्टी से जुड़े हैं जिसका नेतृत्व ऐसा युवा नौजवान कर रहा है जो सत्य की लड़ाई में समाज के हर वर्ग के साथ खड़ा रहता है। उनके जन्म दिन के उपलक्ष्य पर हम भगवान से यही प्रार्थना करते हैं कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस हमेशा आगे बढ़ते रहे, उनकी उम्र भी बढ़ते रहे, उनका भविष्य उज्जवल हो। हम सभी की आवाज वह आज शहर शहर, गांव गांव, हर वर्ग तक पहुंचा रहे हैं। उनके समर्थन के लिए हम सभी कांग्रेस जन सदैव उनके साथ खड़े हैं और लगातार उनके साथ खड़े रहेंगे। उनके जन्म दिन पर हम उन्हें ढेरों शुभ कामनाएं देते हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस दौरान पूर्व दर्जा मंत्री महेंद्र सिंह लुंठी, मनोज ओझा, कोमल शाही, नवीन कापडी, सुधीर चौहान, भूपेश नगर कोटी विशाल खत्री, पार्षद राहुल लुंठी, हरीश कुमार, रहीम कुरैशी, होशियार सिंह, राजेन्द्र बिष्ट, दीपक वर्मा आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का चंपावत दौरा टनकपुर में करेंगे युवा संवाद

## बनबसा में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

**चंपावत।** प्रदेश के मुख्यमंत्री व चंपावत विधायक पुष्कर सिंह धामी आज जनपद चंपावत के भ्रमण पर आ रहे हैं। उनके इस महत्वपूर्ण दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री धामी शनिवार शाम 06:05 बजे टनकपुर स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम हेलीपैड पर पहुंचेंगे। इसके बाद वह कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 06:20 बजे मिलन वाटिका, टनकपुर पहुंचेंगे, जहां वे आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे और उनसे संवाद स्थापित करेंगे। इस कार्यक्रम की समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री शाम 07:45 बजे मिलन वाटिका से नगला तराई, खटीमा के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। मुख्यमंत्री धामी के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि 21 जून 2026, रविवार को मुख्यमंत्री धामी सुबह 06:30 बजे ऊधमसिंह नगर के नगला तराई, खटीमा से प्रस्थान कर मिनी स्टेडियम, बनबसा पहुंचेंगे।

यहाँ मुख्यमंत्री 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे और जनता के साथ योग अभ्यास करेंगे।मुख्यमंत्री के इस दो दिवसीय दौरे को देखते हुए चंपावत जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, साथ ही सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

# कोश्यारी और रेखा आर्या मिलम में करेंगे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारम्भ



पर्वत प्रेरणा ब्यूरो

**पिथौरागढ़।** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर मुनस्यारी तहसील की जोहार घाटी के भारत तिब्बत सीमा से लगे समुद्र तल से 12700 फुट की ऊंचाई पर स्थित भारत के प्रथम गांव मिलम में महाराष्ट्र और गोवा के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी तथा कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारम्भ करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी कबींद्र शाह ढुलघरिया ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामों की जनता एवं भाजपा पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता वाइब्रेंट विलेज मिलम में होने जा रहे कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

# समर महोत्सव एवं मेले में उमड़ रही भीड़



पर्वत प्रेरणा ब्यूरो

**पिथौरागढ़।** मां जयंती सांस्कृतिक उत्थान समिति गंगासेरी एवं लाइव ड्रीम प्रोडक्शन के तत्वावधान में सुमंगलम बारात घर में लोक संस्कृति के संरक्षण और बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए आयोजित हो रहे समर महोत्सव और मेले में मेयर कल्पना देवलाल ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और आयोजन समिति के सभी सदस्यों को कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभ कामनाएं दीं। आयोजन समिति के महेंद्र सिंह लुंठी, अशोक भंडारी, संजय कापड़ी, राम भट्ट, नरेश, ललित पुनेड़ा, पंकज लुंठी ने बताया कि महोत्सव में प्रतिदिन सायं चार बजे से आठ बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमोंका का संचालन किया जा रहा है। मेले में खरीददारी के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, चरखे, नाव, ट्रम्पोलिन आदि लगाए गए हैं।

# पश्चिम बंगाल भारतीय सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय नवजागरण की पुण्यभूमि : राज्यपाल





**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने आज लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत पश्चिम बंगाल राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों और पश्चिम बंगाल के नागरिकों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और यही विविधता राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करती है। राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न भाषाओं, वेशभूषाओं और परम्पराओं के बावजूद भारत की सांस्कृतिक आत्मा, राष्ट्रीय चेतना और साझा विरासत एक है। उन्होंने कहा कि भारत माता के गौरवशाली नागरिक के रूप में हमारी सर्वोच्च पहचान ही 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की वास्तविक भावना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में शुरू हुआ यह अभियान राज्यों के बीच सांस्कृतिक संवाद, भावनात्मक एकता और राष्ट्रीय समरसता को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। लोक भवन अब केवल प्रशासनिक संस्थान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के जीवंत केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल को आधुनिक भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक नवजागरण की अग्रणी भूमि बताते हुए राजा राममोहन राय, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, स्वामी रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर, आचार्य जगदीश चन्द्र बोस, सत्येन्द्रनाथ बोस और सत्यजीत रे के योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि इन महान विभूतियों ने भारतीय चिंतन और संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाई है।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का उत्तराखण्ड के मायावती आश्रम तथा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर का रामगढ़ से जुड़ाव दोनों राज्यों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाता है। बंगाल की वैचारिक चेतना और उत्तराखण्ड की आध्यात्मिक ऊर्जा एक-दूसरे की पूरक हैं।

स्वतंत्रता संग्राम में पश्चिम बंगाल के योगदान का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि 'वंदे मातरम्' और 'जन-गण-मन' ने राष्ट्र की चेतना को नई दिशा प्रदान की, जबकि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति आज भी देशवासियों को प्रेरित करती है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिवर्ष चारधाम यात्रा और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए उत्तराखण्ड आते हैं। पश्चिम बंगाल की दुर्गा पूजा तथा उत्तराखण्ड की नन्दा राजजात यात्रा और महाकुम्भ जैसी परम्पराएँ सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकात्मता के सशक्त प्रतीक हैं।

राज्यपाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल की समृद्ध हथकरघा और हस्तशिल्प परम्परा तथा उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद, औषधीय वनस्पतियाँ और प्राकृतिक संसाधन आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने दोनों राज्यों की युवा शक्ति से शिक्षा, विज्ञान, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्रों में मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की है। राज्यों की सीमाएँ प्रशासनिक व्यवस्था के लिए होती हैं, हृदयों को विभाजित करने के लिए नहीं। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने तथा विविधता में एकता की भारतीय परम्परा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल की संस्कृति, परम्पराओं, लोक कला और ऐतिहासिक विरासत पर आधारित विशेष प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तेज अंधड़ से उड़ी घर की छत



**बेरीनाग (पिथौरागढ़)।** बेरीनाग तहसील के उडियारी गांव में तेज अंधड़ के कारण बहादुर सिंह महरा के घर की छत उड़ गई। अंधड़ के दौरान परिवार के सदस्य बाल बाल बचे। घर के भीतर रखी राशन आदि सामग्री सब नष्ट हो गई। बहादुर सिंह मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। उसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। प्रभावित परिवार ने सरकार से उन्हें मुआवजा देने की मांग की है। तहसीलदार दयाल चन्द्र मिश्रा ने बताया कि राजस्व टीम क्षति का आंकलन कर रही है। जिसके बाद मुआवजा देने की कार्यवाही की जायेगी।

# तहसील के आवासीय परिसर में खड़ी गाड़ी में लगी आग



**धारचूला (पिथौरागढ़)।** धारचूला में तहसीलदार के आवास परिसर में प्रशासनिक कार्यों में उपयोग की गई बोलेरो गाड़ी में अचानक आग लग गई। गाड़ी की फिटनेस अवधि समाप्त होने के बाद वह सालों से परिसर में निष्प्रयोज्य खड़ी थी। गाड़ी में आग लगते ही परिसर में अफरातफरी मच गई। सूचना पर वरिष्ठ एस आई अम्बीराम आर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। कुछ देर के बाद फायर ब्रिगेड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# बंतोली में 500 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, सीआरपीएफ जवान सहित दो की मौत

## तीन गंभीर रूप से घायल, जिंदा जला वाहन स्वामी, एडीएम व एसडीएम ने मौके पर दुर्घटना का लिया जायजा

**लोहाघाट(लक्ष्मण सिंह बिष्ट)।** पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग में गत दिवस लगभग दोपहर 12:30 बजे हल्द्वानी से जौरासी (पिथौरागढ़ )की ओर जा रही कार बंतोली के पास अनियंत्रित होकर लगभग 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में जहां दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है वहीं एक महिला सहित दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। सूचना पर अपर जिला अधिकारी चंपावतके0एन0गोस्वामी व एसडीएम लोहाघाट नीतू डांगर, पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तथा स्थानीय युवाओं के साथ मिलकर कठिन रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू अभियान में स्थानीय युवाओं की भूमिका बेहद सराहनीय रही। अपनी जान जोखिम में डालकर लगभग 500 मीटर गहरी खाई में उतरकर घायलों की जान बचाई गई। हादसा इतना भीषण था कि कार में आग लग गई जिसमें वाहन स्वामी सीआरपीएफ के जवान बलदेव कुमार की जिंदा जलने से मौत हो गई तथा वाहन चला रहे उनके जेठू राजेंद्र कुमार भी दुर्घटना में मारे गए। महिला व दो बच्चे वाहन से बाहर छटक गए जिस कारण उनकी जान बच गई। एसडीएम लोहाघाट नीतू डांगर ने बताया दुर्घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस व फायर टीम मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को निकाल कर 108 के माध्यम से लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया दुर्घटना में बलदेव कुमार निवासी ननकोडा कनालीछीना और राजेंद्र कुमार निवासी अतेड़ा चरमा जिला पिथौरागढ़ की मौके पर मौत हो गई। तो वही बलदेव कुमार की पत्नी नीतू देवी व दो बच्चे आरव (5)व अक्षिता( 8)गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा काफी दर्दनाक था। प्रभारी थाना अध्यक्ष कुंदन सिंह बोरा ने बताया पुलिस ने दोनों सवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तो वही दुर्घटना में घायल बलदेव कुमार के शव को कटर की मदद से वाहन को काटकर बाहर निकाला गया। वहां राजेंद्र कुमार चला रहे थे। सीआरपीएफ के जवान बलदेव कुमार ने 4 जून को नया वाहन खरीदा था जो अपने परिवार के साथ नए वाहन से हंसी-खुशी अपने गांव जौरासी जा रहे थे पर होनी को कुछ और मंजूर था। हादसे में नीतू देवी ने अपने पति के साथ-साथ अपने बड़े भाई को खो दिया। दुर्घटना में जहां नीतू देवी के दोनों बच्चे





गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं उन्हें भी काफी गंभीर चोटे आई हुई है। दुर्घटना ने उनसे उनका सब कुछ छीन लिया। उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विराज राठी ने बताया दुर्घटना में घायल तीनों लोगों का उपचार किया गया। जिसके बाद बेहतर उपचार के लिए उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनों की सहमति पर सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है। वही दुर्घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचे तथा घायलों का हाल-चाल जाना तथा दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। रेस्क्यू अभियान में मनोज फर्त्याल, कमल, गोविंद रावल , योगेश भीड़ापानी नैनीताल, राजकीय शिक्षक संघ अध्यक्ष जगदीश सिंह अधिकारी,खंड विकास अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय, पंचदेव पांडे,ग्राम प्रधान बंतोली नारायण सिंह फर्त्याल, पीयूष, साहिल,दीपक, चंचल सिंह ,रमेश सिंह, त्रिलोक सिंह राजस्व उप निरीक्षक नीरज कुमार,पीआरडी ओम प्रकाश ,वीरेंद्र मेहता, एडिशनल एसआई लाल सिंह अधिकारी, हेड कांस्टेबल हेमंत लूंठी , पवन भट्ट, मोहन जुकरिया, विजय रजवार, रिक्रूट कांस्टेबल विजेंद्र, गोताखोर गगन, एडिशनल एसआई धर्मेंद्र प्रसाद, हेड कांस्टेबल दीवान राम टम्टा,, हेड कांस्टेबल मोहन मर्तोलिया, होमगार्ड नारायण दत्त के अलावा एसडीआरएफ व फायर स्टेशन प्रभारी सुनील जोशी, लीडिंग फायरमैन कुंदन सिंह ,फायरमैन गोविंद मनराल, अनवर अली, राजेंद्र जोशी, हिमांशु कुमार, पारस वर्मा ,प्रियंका बिष्ट ,आदि शामिल रहे।

## बन्तोली सड़क दुर्घटना की डीएम ने दिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश, एसडीएम करेंगी जांच

**बाराकोट ( चंपावत )।** जनपद चम्पावत के विकासखंड बाराकोट अंतर्गत ग्राम बन्तोली में शुक्रवार को हुई सड़क दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जारी कर दिए हैं। तहसीलदार बाराकोट से प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक 19 जून 2026 को लगभग 12:10 बजे हल्द्वानी से पिथौरागढ़ जा रही एक टाटा पंच कार ग्राम बन्तोली के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग से लगभग 250 मीटर गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन में कुल पांच व्यक्ति सवार थे, जिनमें तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों में दो बच्चे एवं एक महिला शामिल हैं, जबकि दो पुरुषों की दुर्घटना में मृत्यु हो गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार ने दुर्घटना के कारणों एवं परिस्थितियों की विस्तृत जांच के लिए उप जिलाधिकारी लोहाघाट नीतू डांगर को मजिस्ट्रियल जांच अधिकारी नामित किया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जांच अधिकारी दुर्घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच करते हुए 15 दिनों के भीतर अपनी जांच आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने तथा दुर्घटना से संबंधित आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए हैं। घटना पर डीएम के द्वारा दुख जताया गया ।

# बाराकोट रोजगार मेले में 27 युवाओं का सुरक्षा जवान के पद पर सीधा चयन

**बाराकोट ( चंपावत )।** प्रदेश के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की परिकल्पना धरातल पर उतर रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार के निर्देशन में जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ब्लॉक-स्तरीय विशेष भर्ती शिविरों (रोजगार मेलों) का आयोजन किया गया।यह पहल जनपद के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हो रही है।

इस मुहिम के तहत देश की प्रतिष्ठित सुरक्षा एजेंसी एस0एस0सी0आई0 सिक्योरिटी (एस0आई0एस0 इण्डिया लिमिटेड), देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के समस्त विकास खण्डों में सुरक्षा जवानों की सीधी भर्ती के लिए विशेष शिविर लगाए गए। इसी कड़ी में सेवायोजन कार्यालय चम्पावत द्वारा बाराकोट ब्लाक में एक दिवसीय रोजगार मेले का सफल



आयोजन किया गया।बाराकोट ब्लॉक में आयोजित इस भर्ती शिविर में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मेले के दौरान कुल 41 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराकर प्रतिभाग किया, जिनमें से योग्यता और मानकों के आधार पर 27 योग्य प्रतिभागियों का मौके पर ही चयन कर लिया गया।

इस रोजगार मेले से न केवल स्थानीय युवाओं को अपनी ही जमीन पर सीधी भर्ती के माध्यम से रोजगार मिला है, बल्कि इससे उनके आत्मनिर्भर बनने की राह भी आसान हुई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार आगामी दिनों में भी जनपद के अन्य क्षेत्रों में इसी तरह के विशेष शिविरों का आयोजन जारी रहेगा ताकि अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को इसका लाभ मिल सके। रोजगार मेले में खंड विकास अधिकारी बाराकोट अवनीश सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी आर के पंत, भर्ती अधिकारी अमित कुमार वर्मा सहित प्रतिभागी व अन्य उपस्थित रहे।

## छिल्का छीना सिमलखेत मोटर मार्ग में पीएमजीएसवाई ने किया सुधारीकरण का कार्य शुरू

**चंपावत ।** जिले के पाटी ब्लॉक की छिल्का छीना सिमलखेत सड़क मे पीएमजीएसवाई विभाग लोहाघाट के द्वारा सड़क में सुधारीकरण का कार्य शुरू कर दिया है। सड़क में कई स्थानों पर गड्ढे हो चुके थे जिस कारण लोगों को यात्रा करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पीएमजीएसवाई विभाग के अभियंता देवेश कोहली ने बताया अधिशासी अभियंता के निर्देश पर विभाग के द्वारा तीन-चार दिन पूर्व से ही सड़क में सुधारीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है ।उन्होंने बताया जिन स्थानों में सड़क में गड्ढे हो चुके हैं वहा रोलिंग का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा डामरीकरण कार्य के लिए डामर की उपलब्धता होते ही डामरीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा। कहा डामर के दामों में भारी वृद्धि के चलते डामर की उपलब्धता नहीं हो पा रही है जिस कारण कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। कहा विभाग का पूरा प्रयास है जल्द से जल्द सड़क में डामरीकरण का कार्य शुरू हो। उन्होंने जनता को आश्वासन देते हुए कहा जल्द ही डामर की उपलब्धता होते ही सड़क में डामरीकरण का कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ शुरू किया जाएगा। मालूम हो सड़क में रोड़ों के उखड़ने से जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। फिलहाल समस्या का विभाग ने संज्ञान लिया है। जल्द सड़क में डामरीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा।




## लोहाघाट महाविद्यालय की भूगोल की दो छात्राओं मीनाक्षी व भावना को गोल्ड मेडल

**लोहाघाट ।** 18 जून को हुए सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के प्रथम दीक्षांत समारोह में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट की दो मेधावी छात्राओं को एम.ए. भूगोल विषय में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किया गया महाविद्यालय की छात्रा मीनाक्षी गोस्वामी पुत्री दिनेश नाथ गोस्वामी निवासी चम्पावत को वर्ष 2022 तथा भावना ओली, पुत्री स्व.कैलाश चंद्र ओली,निवासी खेतीखान को वर्ष 2024 के लिए एम.ए. भूगोल विषय में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। विशेष उल्लेखनीय है कि भावना ओली इससे पूर्व स्नातक स्तर पर भी स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी हैं। उन्होंने दो बार यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा वर्तमान में लोहाघाट महाविद्यालय में भूगोल विषय में डॉ. लता कैड़ा के निर्देशन में शोध कार्य कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि को शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेखा जोशी ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता से महाविद्यालय का गौरव बढ़ा है तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलेगी। भूगोल विभाग प्रभारी डॉ. लता कैड़ा ने कहा कि छात्राओं की यह उपलब्धि कठोर परिश्रम, अनुशासन और शैक्षणिक समर्पण का प्रतिफल है।इस अवसर पर डॉ. सुमन पाण्डेय, डॉ. उपेन्द्र चौहान, डॉ. सीमा नेगी, डॉ. दिनेश व्यास, शोधार्थी नवीन राय, रमेश चंद्र जोशी एवं रमेश चंद्र भट्ट ने भी दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।महाविद्यालय परिवार ने दोनों स्वर्ण पदक विजेता छात्राओं की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए आशा जताई कि वे भविष्य में भी शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर महाविद्यालय, जनपद चम्पावत तथा प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

# भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर चम्पावत में विशेष गहन पुनरीक्षण और डिजिटलाइजेशन कार्य तेज

**चंपावत।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों तथा जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार के आदेशों के क्रम में जनपद चम्पावत में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरी गति के साथ चल रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान के अंतर्गत फील्ड से एकत्र किए गए सभी प्रपत्रों को शत-प्रतिशत ऑनलाइन फीड करने के लिए बीएलओ, ईआरओ और एईआरओ द्वारा डिजिटलाइजेशन का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर डेटा एंट्री और तकनीकी प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि मतदाता सूची से संबंधित हर आंकड़े को डिजिटल रूप से सुरक्षित और अपडेट किया जा सके।इसी क्रम में जनपद के मतदेय स्थल संख्या 159 पटौली के साथ-साथ बूथ संख्या 69,



94, 95, 96 और नौलापानी स्थित बूथ संख्या 51 में एसआईआर गणना प्रपत्रों के अपडेशन और डिजिटलाइजेशन का कार्य सुचारू रूप से संपादित किया गया। इसके साथ ही बूथ संख्या 123 मनिहार गोठ में भी प्रपत्रों की ऑनलाइन फीडिंग का कार्य सक्रियता से किया गया है। इन सभी बूथों पर तैनात फील्ड स्टाफ और तकनीकी टीम द्वारा कार्य को पूरी पारदर्शिता, शुद्धता और समयबद्धता के साथ अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इस पूरे अभियान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार ने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग का यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और डिजिटल फीडिंग की इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं ताकि जनपद का कोई भी पात्र नागरिक इस प्रक्रिया से न छूटे और तय समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत सटीक एवं त्रुटिहीन डेटा तैयार किया जा सके।

# प्रदेश के पहले बालिका स्पोर्ट्स कॉलेज मे प्रवेश के लिए अंतिम चयन प्रक्रिया शुरू

पर्वत प्रेरणा ब्यूरो

**लोहाघाट।** जिले के लोहाघाट में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर बन रहे प्रदेश के पहले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज मे प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। महिला स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश हेतु आज प्रदेश की बालिका खिलाड़ियों की अंतिम चयन प्रक्रिया शुरू की गई। इस प्रक्रिया में सफल बालिका खिलाड़ियों को प्रदेश के पहले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज के पहले बैच में प्रवेश लेने का गौरव प्राप्त होगा। चयन परीक्षा महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट के प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा की देखरेख में आयोजित की जा रही है। प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा ने बताया महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट में इसी वर्ष से तीन खेल विधाओं में कक्षाओं का संचालन शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया इस वर्ष बॉक्सिंग, एथलेटिक्स व बैडमिंटन की कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। जिसके लिए आज शनिवार से अंतिम चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रधानाचार्य शर्मा ने कहा जिसमें बालिका खिलाड़ियों का बैटरी टेस्ट लिया गया। उन्होंने बताया आज प्रदेश के कई जिलों से दूर-दूर क्षेत्र से





प्रवेश हेतु 79 बालिका खिलाडियां पहुंची है। उन्होंने बताया चयन प्रक्रिया दो दिन चलेगी। इसके बाद चयनित 30 बालिका खिलाड़ियों को महिला स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया प्रत्येक कक्षा में 10 बालिका खिलाड़ी होंगी कहां चयन प्रक्रिया पूर्णतया निष्पक्ष तरीके से की जा रही है।

कहा सभी खिलाड़ियों के रहने खाने व पढ़ाई की व्यवस्था महिला स्पोर्ट्स कॉलेज मे होगी। उन्होंने बताया महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का निर्माणधीन भवन पूर्ण होने के बाद विभिन्न खेलों में 300 बालिका खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा इस वर्ष कक्षाएं स्पोर्ट्स स्टेडियम लोहाघाट में संचालित की जाएगी। प्रदेश के दूर-दूर ग्रामीण को शहरी क्षेत्र से पहुंची बालिका खिलाड़ियों ने चयन प्रक्रिया में काफी दमखम दिखाया। क्षेत्र के जाने माने फुटबॉल खिलाड़ी व राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष गोविंद सिंह बोहरा ने इसे धामी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा महिला स्पोर्ट्स कॉलेज प्रदेश व क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। कहा इस बालिका स्पोर्ट्स कॉलेज से प्रदेश की बालिकाएं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करेगी। उन्होंने समस्त क्षेत्र की जनता की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा खेल मंत्री रेखा आर्य को धन्यवाद दिया।

## बदरेश्वर शक्ति केंद्र बैठक में एसआईआर प्रक्रिया और संगठन विस्तार पर मंथन

**अल्मोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के अल्मोड़ा नगर मंडल अंतर्गत बदरेश्वर शक्ति केंद्र की बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ स्तर की तैयारियों और एसआईआर प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष ललित लटवाल, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, शक्ति केंद्र प्रभारी दिनेश मठपाल तथा बीएलए-1 कैलाश गुरुरानी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। वक्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया। ललित लटवाल ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। वहीं नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने एसआईआर प्रक्रिया को संगठन को और अधिक व्यवस्थित एवं सशक्त बनाने का माध्यम बताया। दिनेश मठपाल ने कार्यकर्ताओं से घर-घर जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया, जबकि कैलाश गुरुरानी ने एसआईआर प्रक्रिया में टीमवर्क और समन्वय को महत्वपूर्ण बताया। बैठक में मनीष जोशी, मनोज तिवारी, अर्जुन बिष्ट, देवेंद्र भट्ट, पूनम पालीवाल, मनोज जोशी, महेश बिष्ट, आशीष गुरुरानी, पूनम त्रिपाठी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नीट पुनर्परीक्षा की तैयारियों का एडीएम ने लिया जायजा

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र ने गुरुवार को द्वाराहाट स्थित बिपिन त्रिपाठी कुमाऊं प्रौद्योगिकी संस्थान में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, जैमर, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा संचालन से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा दिवस पर अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सुनील कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीईई परीक्षा के बाद जुलाई में होगी सेना भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा

**अल्मोड़ा।** भर्ती निदेशक कर्नल महेश कुमार ने बताया कि भारतीय सेना भर्ती प्रक्रिया के तहत वर्तमान में ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) आयोजित किया जा रहा है। अल्मोड़ा, बागेश्वर, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिलों के अग्निवीर अभ्यर्थियों तथा उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों के केंद्रीय श्रेणी एवं जोनल श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए जुलाई के द्वितीय सप्ताह में रानीखेत स्थित सोमनाथ ग्राउंड में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सीईई परीक्षा का परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा कराई जाएगी। केंद्रीय श्रेणी में धार्मिक शिक्षक, एजुकेशन हवलदार, सर्वे ऑटो कार्टो और जेसीओ कैटरिंग, जबकि जोनल श्रेणी में सिपाही फार्मा और नर्सिंग असिस्टेंट के अभ्यर्थी शामिल होंगे। कर्नल महेश कुमार ने अभ्यर्थियों से लिखित परीक्षा के साथ-साथ शारीरिक परीक्षण की तैयारी भी शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दौड़, पुल-अप्स, बैलेंस और अन्य निर्धारित शारीरिक मानकों के अनुसार नियमित अभ्यास करें, ताकि शारीरिक दक्षता परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में चयन के लिए लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता दोनों चरणों में सफलता आवश्यक है। इसलिए अभ्यर्थी समय का सदुपयोग करते हुए अपनी तैयारी को मजबूत बनाएं।

# विधायक ने सम्मान समारोह आयोजित कर,ग्राम प्रधानों को किया सम्मानित

**भिकियासैण (अल्मोड़ा)।** रानीखेत विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ प्रमोद नैनवाल के भतरौजखान आवास पर ताड़ीखेत विकासखंड के ग्राम प्रधानों का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 75 से अधिक ग्राम प्रधानों व प्रधान प्रतिनिधियों को विधायक ने सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक डॉ नैनवाल ने सम्मान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम प्रधानों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता किया। इस मौके पर उन्होंने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व उनके द्वारा विधानसभा में कराये गये विभिन्न



विकास कार्यों की जानकारी दी।उन्होंने कहा पंचायत जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विकास कार्यों को और गति दिये जाने, जनहित एवं जनता की सेवा के लिए मैं सदैव आपके साथ और आपकी सेवा में तत्पर रहूँगा।

इस अवसर पर बीजेपी जिला महामंत्री ध्यान सिंह नेगी , ज्येष्ठ प्रमुख प्रतिनिधि मंजीत भगत,कनिष्ठ प्रमुख जीवन बधानी जी, जिला उपाध्यक्ष गणेश राम , जिला मंत्री रमेश खनायत, ब्लॉक प्रमुख भिकियासैंण दिगम्बर डंगवाल , मंडल अध्यक्ष ललित मेहरा , राम सिंह रावत , मुकेश पांडे जी, मंडल महामंत्री दर्शन मेहरा , उमेश पंत , शंकर राम, वरिष्ठ भाजपा नेता मदन सिंह मेहरा , मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मण नेगी ,अजय चौहान , पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र नेगी ,आनंद बुधानी जी, कैलाश उप्रेती , सुदर्शन परमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख चंद्रशेखर आर्या ने किया। इस मौके पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने शिरक्त की।

# खेतीखान के गोशनी में किसानों के लिए मुसीबत बने लंगूर फसले की तबाह

**चंपावत।** जिले की खेतीखान क्षेत्र की ग्राम सभा गोशनी में लंगूर किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए है। किसानों के द्वारा कड़ी मेहनत से उगाई गई खेती ,फल व सब्जियों को लंगूरो के झुंड बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिस कारण किसान काफी परेशान है। किसानों ने कहा कड़ी मेहनत से उनके द्वारा खेती की जाती है पर लंगूरों के द्वारा उनकी खेती को पूरी तरह बर्बाद किया जा रहा है जिस कारण किसानों में गुस्से के साथ-साथ मायूसी भी है। किसानों ने बताया अगर वह लंगूरों को भगा रहे हैं तो लंगूर उन पर हमला कर रहे हैं।किसानों ने प्रशासन और वन विभाग से लंगूरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। मामले में जिला पंचायत सदस्य अशोक महरा ने बताया खेती खान क्षेत्र के गोशनी व उसके आसपास के गांवो में लंगूरों के द्वारा किसानों के द्वारा कड़ी मेहनत से तैयार किए गए फल सब्जी व अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है इसके अलावा लंगूर स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए भी खतरा बन गए है। उन्होंने प्रशासन व वन विभाग से लंगूरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

## सीमांत क्षेत्र पहुंचे लोहाघाट विधायक अधिकारी सुनी जन समस्याएं

**लोहाघाट ।** विधायक खुशाल सिंह अधिकारी अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधानसभा के सीमांत व दूरस्थ क्षेत्र मल्ला खाईकोट, तल्ला खाईकोट, जाख एवं जिंडी पहुंचे। इस दौरान विधायक अधिकारी ने क्षेत्रवासियों से भेंट कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की। विधायक अधिकारी ने कहा अपनी जनता के बीच पहुंचकर उनकी भावनाओं और समस्याओं तथा उनकी मुझसे अपेक्षाओं को जानना मेरे लिए सदैव प्रेरणादायक रहा है। कहा क्षेत्र की देवतुल्य जनता का स्नेह, विश्वास एवं सहयोग ही जनसेवा के पथ पर आगे बढ़ने की मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा विभिन्न जनहित एवं विकास संबंधी विषयों को विधायक के सामने रखा गया। विधायक अधिकारी के द्वारा ग्रामीणों को सभी समस्याओं के समाधान एवं क्षेत्र के समग्र विकास हेतु आवश्यक प्रयासों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा विधायक अधिकारी का स्वागत किया गया। विधायक अधिकारी ने कहा मेरा संकल्प है कि सीमांत क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचे और जनभावनाओं के अनुरूप क्षेत्र के विकास को नई गति मिले। उन्होंने सीमांत क्षेत्र की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा आपका विश्वास और स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चंद बोहरा डा0अमर सिंह कोटियाल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



## गोल्ज्यू कॉरिडोर के लिए पर्यटन विभाग को हस्तांतरित हुई भूमि

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदर्श चम्पावत के विजन को साकार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जनपद मुख्यालय में प्रस्तावित गोल्ज्यू कॉरिडोर के अंतर्गत जनसुविधाओं के विकास हेतु भूमि हस्तांतरण को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उत्तराखण्ड शासन के निर्देशों के क्रम में ग्राम चम्पावत स्थित लोक निर्माण विभाग की 0.355 हेक्टेयर भूमि पर्यटन विभाग को हस्तांतरित की जाएगी, जहां श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए आवश्यक जनसुविधाओं का विकास किया जाएगा।इस महत्वपूर्ण पहल से चम्पावत में धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी तथा गोल्ज्यू देवता से जुड़े आस्था केंद्रों का सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित होगा। भूमि हस्तांतरण के साथ ही उसके विकास, रखरखाव एवं प्रबंधन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी पर्यटन विभाग की होगी। साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आवासीय व्यवस्था हेतु जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक वैकल्पिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की दूरदर्शी सोच के अनुरूप चम्पावत को धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से एक आदर्श जनपद के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। गोल्ज्यू कॉरिडोर परियोजना से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

## 30 जून को होगी जिला पंचायत की सामान्य बैठक जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों पर होगा मंथन

**चंपावत।** जिला पंचायत चम्पावत के सभाकक्ष में आगामी 30 जून 2026 को जिला पंचायत की एक महत्वपूर्ण सामान्य बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत, चम्पावत आनंद सिंह अधिकारी करेंगे। बैठक को लेकर जिला पंचायत प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं, जिसमें जनपद के विकास और जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बैठक को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए इसे विभिन्न सत्रों में विभाजित किया गया है। इसी क्रम में बैठक का द्वितीय सत्र अपराह्न 02:00 बजे से विशेष रूप से जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित किया जाएगा। अपर मुख्य अधिकारी ने जनपद के सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर अनिवार्य रूप से बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा और भावी योजनाओं को अंतिम रूप दिया जा सके।

## फांसी गधेरे में सीवर लीकेज पर कुमाऊं आयुक्त सख्त, तत्काल मरम्मत के दिए निर्देश

पर्वत प्रेरणा ब्यूरो

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय के तल्लीताल स्थित फांसी गधेरे में लगातार हो रहे सीवर लीकेज को कुमाऊं आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने गंभीरता से लेते हुए उत्तराखण्ड जल संस्थान को तत्काल समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फांसी गधेरे में 18 जून 2026 की शाम से लगातार सीवर का पानी बह रहा है, जो आगे जाकर नैनी झील में मिल रहा है। सीवर लीकेज की समस्या को दूर करने में जल संस्थान अब तक सफल नहीं हो पाया है, जिससे झील के प्रदूषित होने की आशंका बढ़ गई है। इस मामले का संज्ञान लेते हुए कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने अधीक्षण अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी को निर्देशित किया है कि वे स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण करें और शीघ्र समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही, उन्होंने की गई कार्रवाई से उन्हें अवगत कराने के भी निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि नैनीताल की जीवनरेखा मानी जाने वाली नैनी झील की स्वच्छता और पर्यावरणीय संतुलन से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा संबंधित विभागों को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करना होगा।